# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/2013/ दिनांक 25/12/2013

**MOST URGENT -- Compulsory Information**
**All Affiliated Colleges/School of Studies, Jiwaji University**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशाला,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**विषय – अध्ययनरत् विद्यार्थियों की छात्र संख्या विश्वविद्यालय की ''परीक्षा संबंधी वेबसाइट www.univindia.com'' पर ऑनलाइन अंकित करने विषयक्।**

संदर्भ – कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन, भोपाल का पत्र क्र. 1113/260/आउशि/2013, भोपाल दिनांक 28.11.2013.

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के तारतम्य में विश्वविद्यालय द्वारा पत्र क्रमांक जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/2091 दिनांक 03.12.2013 के माध्यम से समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशाला को सूचित किया गया था कि कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन, भोपाल द्वारा संलग्न प्रपत्र में जानकारी चाही गयी है, जिसे दिनांक 05 दिसंबर 2013 तक अनिवार्य रूप से भेजा जाना है। **इस क्रम में अधिकांश सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशालाअ ने जानकारी आज दिनांक तक विश्वविद्यालय कार्यालय नहीं भेजी है और यदि जिन महाविद्यालय/अध्ययनशाला ने जानकारी भेजी भी है तो वह दर्शाये गये फॉरमेट के अनुसार उपयुक्त नहीं है।**

आयुक्त महोदय के मार्गदर्शन एवं नियंत्रण में यह जानकारी विश्वविद्यालय की परीक्षा संबंधी वेबसाइट **www.univindia.com** पर ऑनलाइन अंकित की जानी है। उल्लेखनीय है कि यदि कोई महाविद्यालय/अध्ययनशाला इस जानकारी को ऑनलाइन अपडेट नहीं करता है तो ऐसी स्थिति में उनके लॉगिन आई.डी. स्वतः ही बन्द हो जायेंगे। जब तक जानकारी ऑनलाइन अपडेट नहीं होगी, तब तक वह अपने लॉगिन आई.डी. पर परीक्षा संबंधी कार्य नहीं कर पायेंगे। ऐसी स्थिति में यदि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित होता है अथवा एडमिट कार्ड/परीक्षा फार्म अपडेट नहीं होते है, तो जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्राचार्य/विभागाध्यक्ष की होगी। **छात्र संबंधी जानकारी को ऑनलाइन अपडेट करने के उपरांत उसका प्रिन्ट निकाल कर प्राचार्य/विभागाध्यक्ष से हस्ताक्षरित एक प्रति विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप में भेजें। पूर्व में भेजी गयी जानकारी को मान्य नहीं किया जावेगा।**

**अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशाला को आयुक्त महोदय के आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की परीक्षा संबंधी वेबसाइट www.univindia.com पर सत्र 2009–10, 2010–11, 2011–12, 2012–13 एवं 2013–14 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की जानकारी दिनांक 28.12.2013 तक अनिवार्य रूप में अंकित करें। जानकारी संकलित की जाकर मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं आदिमजाति कल्याण विभाग भोपाल की ओर भेजी जा सके।**

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**कुलसचिव,**


प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त महोदय, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन, भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर–चंबल संभाग, मोतीमहल परिसर, ग्वालियर।
3. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

**उप–कुलसचिव (गोपनीय)**

# ऑनलाइन अपडेट करने के लिये स्क्रीन देखें।

सर्वप्रथम कॉलेज लॉगिन करते ही आपके सामने एक टेबिल फॉरमेट आयेगा, जिसमें छात्र संबंधी जानकारी सत्रवार ऑनलाइन अंकित करनी है। उदाहरणतः BOY एवं GIRL की जानकारी भरते ही TOTAL अपने आप आता जायेगा। समस्त सत्रों की जानकारी भरकर चैक कर लें कि जानकारी सही भरी है अथवा नहीं। यदि सही नहीं भरी है तो उसे सही कर देने के उपरांत ही SUBMIT का बटन दबायें। प्रिन्ट निकालकर उसमें सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एवं सील लगाकर विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप में भेजें।



http://www.univindia.com/ | JIWAJI UNIVERSITY

File Edit View Favorites Tools Help

COMPULSORY INFORMATION

JIWAJI UNIVERSITY, GWALIOR
Established in 1964

PLEASE FILL COMPULSORY INFORMATION

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| College Code | 999 | College Name | DAMMY COLLEGE, JIWAJI UNIVERSITY, GWALIOR | | |
| Principal Name | DR I K MANSOORI | College Address | HIG-4, JIWAJI UNIVERSITY, CAMPUS, GWALIOR | | |
| Established Year | 1964 | Phone No.. | 07512442710 | Mobile No. | 9425116553 |
| College Email | jiwajinews@yahoo.com | Principal Email | jiwajinews@yahoo.com | | |

| YEAR | GEN | | | SC | | | ST | | | OBC | | | MINORITY | | | TOTAL STUDENT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | BOY | GIRL | TOTAL | BOY | GIRL | TOTAL | BOY | GIRL | TOTAL | BOY | GIRL | TOTAL | BOY | GIRL | TOTAL | |
| 2009-2010 | 45 | 90 | 135 | 12 | 9 | 21 | 0 | 0 | 0 | 25 | 25 | 50 | 1 | 2 | 3 | 209 |
| 2010-2011 | 35 | 2 | 37 | 32 | 4 | 36 | 58 | 36 | 94 | 65 | 58 | 123 | 2 | 5 | 7 | 297 |
| 2011-2012 | 35 | 25 | 60 | 35 | 2 | 37 | 25 | 3 | 28 | 35 | 2 | 37 | 25 | 3 | 28 | 190 |
| 2012-2013 | 35 | 35 | 70 | 35 | 35 | 70 | 25 | 25 | 50 | 25 | 2 | 27 | 25 | 2 | 27 | 244 |
| 2013-2014 | 2 | 1 | 3 | 3 | 5 | 8 | 58 | 25 | 83 | 25 | 87 | 112 | 25 | 32 | 57 | 263 |

submit

अध्ययनरत् विद्यार्थियों की जानकारी रिकार्ड के अनुसार ही ऑनलाइन अपडेट करें। यदि इसमें किसी भी प्रकार की गलत जानकारी महाविद्यालय/अध्ययनशाला द्वारा ऑनलाइन अंकित की जाती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी प्राचार्य/विभागाध्यक्ष की होगी। यह रिकार्ड विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सतत् रूप से प्रकाशित होता रहेगा।